# कलेक्टर ने किया होम स्टे प्रचार पोस्टर का विमोचन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए पर्यटन ग्रामों और वहाँ बने सुंदर होम स्टे के प्रचार पोस्टर का विमोचन कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में किया गया। यह पोस्टर जिला पुरातत्वए पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ने प्रकाशित करवाया है, जिसे जिले के प्रमुख स्थानों पर चस्पा किया जाएगा।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि इसे लंबी दूरी की बसों सहित सभी होटल्स व रेस्टोरेंट में भी लगाया जाए। पोस्टर में पर्यटन ग्राम सावरवानी, चोपना, काजरा, चिमटीपुर, धूसावानी, गुमतरा, देवगढ़ की विस्तृत वर्णन व होम स्टे बुकिंग के नंबर दिए गए हैं, ताकि देश में कहीं से भी होम स्टे बुक किया जा सके। पोस्टर विमोचन अवसर पर जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी बलराम राजपूत, पर्यटन प्रबंधक गिरीश लालवानी, वरिष्ठ पत्रकार सर्व रत्नेश जैन, राजेश करमेले, महेंद्र राय, मुकेश तिवारी, तौफीक मिस्किनी, देवेंद्र ठाकुर उपस्थित थे।

विदित हो कि छिन्दवाड़ा जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे का निर्माण किया गया है जिसमें समय समय पर टूरिस्टों एवं जिले तथा जिले के बाहर से पर्यटक पहुंच रहे है जहां उन्हें ग्रामीण वेषभूषा में रहने एवं ग्रामीण रसोई का स्वाद सस्तें दामों में उपलब्ध हो रहा है।

इसी को देखने के लिए दूसरे जिले के अधिकारीगण भी छिन्दवाड़ा आऐं और उन्होंने यहां के प्राकृतिक दृश्य एवं होम स्टे को देखा और उसकी तारीफ भी की है और अपने यहां इसी तरह क्रियान्वयन करने बात कही है।

## शंकरलाल सुखेजा के निधन पर सांसद ने जताया दुख

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर के प्रतिष्ठित व सदाशिव ट्रेडर्स के संचालक शंकरलाल सुखेजा के निधन की सांसद बंटी विवेक साहू को इंदौर प्रवास के दौरान सूचना मिलने पर उन्होंने दुख व्यक्त किया है।

सांसद श्री साहू ने भगवान से प्रार्थना की है कि वे स्वर्गीय शंकरलाल सुखेजा की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देते हुए मोक्ष प्रदान करें।

साथ ही शोकाकुल परिवारजनों में सुभाष सुखेजा, दीपक सुखेजा, राहुल सुखेजा, सुमित सुखेजा, ऋषभ सुखेजा व कृष सुखेजा और सुखेजा परिवार को इस दुख: को सहन करने की शक्ति दे।

विदित हो कि स्वर्गीय शंकरलाल सुखेजा श्याम सुन्दर सुखेजा के बड़े भाई व स्वर्गीय रमेशलाल सुखेजा के छोटे भाई एवं रोहित सुखेजा के पिता थे। जिनकी अंत्येष्टि शुक्रवार को मोक्ष धाम में की गई जहां सैकड़ों की संख्या में जनसमुदाय उपस्थित था।

# उच्चतर माध्यमिक शाला को दी ढाई किलो की पीतल की घंटी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के विद्यालयों में गुणोत्तर विकास कार्यक्रम के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी जीएस बघेल के मार्गदर्शन में विद्यालयों में अधोसंरचना विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाँद में नगर के लोगों को विद्यालय विकास से जोड़ा जा रहा है।

राज्यपाल पुरुस्कृत शिक्षक राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि जिले के अधिकारी शासकीय विद्यालयों में गुणोत्तर विकास पर बहुत ध्यान दे रहे है। उन्ही से प्रेरित होकर उन्होंने विद्यालय उपहार योजना के तहत नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी व समाजसेवी राजू हेड़ाऊ से अनुरोध किया और उन्होंने विद्यालय को ढाई किलो पीतल की घंटी व एक समई भेंट की।

उनके द्वारा भेंट की घण्टी से विद्यालय परिसर गूंजेगा और समई से होगा पूजन अर्चन। विद्यालय उन्नयन के लिये अधोसंरचना विकास में योगदान देने वाले सभी महानुभावों का विद्यालय परिवार ने आभार व्यक्त किया है। विदित हो कि राजू हेड़ाऊ द्वारा समय समय पर इस तरह के अनुकरणीय कार्य किए जाते रहे है।



## सार-समाचार

### देलाखारी में जगह-जगह हुआ भंडारे का आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** तामिया तहसील के ग्राम देलाखारी में एवं क्षेत्र में शिवरात्रि महापर्व के उत्सव में भगवान शंकर के मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। इसी तारतम्य में ग्राम धोखेड़ा ग्राम चटनी बस स्टैंड देलाखारी मोनू साहू मित्रगणों की ओर से एवं पंकज स्टोर्स प्रोपराइटर साहू समाज अध्यक्ष कामता साहू के द्वारा 12. 00 बजे से शाम 8. 00 बजे तक शिव भक्तों को साबूदाने की खिचड़ी एवं छाछ का प्रसाद वितरण किया गया इस कार्यक्रम में परिवार सहित साहू समाज के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पिता स्वर्गीय गयाप्रसाद साहू काका, स्वर्गीय लक्ष्मण प्रसाद साहू, स्वर्गीय नारायण प्रसाद साहू की स्मृति में साहू परिवार की ओर से सार्वजनिक कोल्ड वॉटर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई जिससे आन-जाने वाले यात्री को ठंडा पानी सुगमता से मिल सके।

### राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 28 फरवरी 2025 को कन्या महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया जिसमें छात्राओं हेतु डॉ. सी.वी. रमन के जीवन एवं रमन प्रभाव विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित करवाया गया। विभाग में अतिथि व्याख्याता के रूप में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के भौतिक शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. जी.वी. ब्रह्मे आमंत्रित रहे। कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अस्मिता मुंजे, विभागाध्यक्ष डॉ. महिम चतुर्वेदी, डॉ. रश्मि नागवंशी, डॉ. श्रृद्धा पटेल एवं श्रीमती सोनम अल्डक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पलाश तिवारी ने किया।

### तस्करों ने जगह जगह बना ली अवैध खदानें

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले भर में खनिज तस्कर हावी है जगह जगह अवैध रेत खदानें बना ली गई है तो वहीं अवैध खदानों से बेखौफ होकर रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। इतना ही नहीं अवैध रेत खनन का धड़ल्लें से परिवहन भी किया जा रहा है जिसके चलते शासन को लाखों रूपये के राजस्व की हानि हो रही है। ये खदानें चंदनगांव, पचमढ़ी ढाना, भरतादेव प्लांट, सोनपुर सहित अन्य स्थानों से नदियों के किनारे से रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। इसी प्रकार तहसील स्तर पर भी रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन जोरों पर है, इस पर शासन प्रशासन को लगाम लगाने की आवश्यकता है।

### फिर सब्जी बाजार आया सड़कों पर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सब्जी बाजार जो कि जेल बगीचे में लगा करता था पिछले कुछ समय से एक बार फिर सड़को पर आ गया है। दीनदयाल पार्क के पास से रिकार्ड रूम के सामने से लेकर एमएलबी स्कूल की गली के सामने एवं बाजू वाली गली में दुकानदार अपनी दुकाने सड़को पर लगा रहे है जिससे वाहन चालको एवं पैदल चलने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। प्रशासन का ध्यान इस ओर अपेक्षित है।

# उमरिया पंचायत में सचिव और सहायक सचिव के साथ मारपीट, किया पथराव

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत अमरवाड़ा की ग्राम पंचायत उमरिया में सचिव और सहायक सचिव के साथ जमकर मारपीट की गई। वही पंचायत भवन में पथराव के साथ-साथ जान से मारने की भी धमकी मिली है, जिसके बाद सरपंच संघ और पंचायत सचिव संघ ने सामूहिक रूप से एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि 27 फरवरी गुरुवार को सचिव और सहायक सचिव अपने कार्यालय भवन में बैठकर पंचायत के कार्य कर रहे थे तभी उपसरपंच मनी नागवंशी एवं उसके साथियों द्वारा पंचायत भवन में आकर सचिव एवं सहायक सचिव के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। साथ में पंचायत भवन में पथराव करते हुए जान से मार डालने की भी धमकी दी गई।

घटना के बाद सचिव राजलाल पन्द्राम, सहायक सचिव रामकृष्ण नागवंशी ने अमरवाड़ा थाने में पहुंचकर संबंधितों के खिलाफ एफ.आई. आर. दर्ज कराई। वहीं शुक्रवार को सरपंच संघ, सचिव-सहायक सचिव संघ ने सामूहिक रूप से एस.डी.एम. कार्यालय पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

दरअसल उमरिया पंचायत में पंचायत कर्मियों को लेकर पहले भी उपसरपंच द्वारा शिकवा शिकायत की जाती रही है। इसी बीच 27 अगस्त 2024 को पंचायत कर्मियों की सूचना के बाद तहसीलदार ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी को सूचित भी किया था।

सभी संघटनों ने सामूहिक रूप से ज्ञापन के बाद कहा है कि यदि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती है तो जनपद पंचायत की सभी 71 ग्राम पंचायत में तालाबंदी की जाएगी।



# मानव बना ही है अदंभुत काम करने को : प्रो. अमर सिंह



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय चांद के भारतीय ज्ञान परंपरा और रेड रिबन क्लब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध संदर्भ विषय पर आयोजित व्याख्यान में प्रो. अमर सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति में स्वार्थपूर्ण अनुकूलित अभिव्यक्ति को भाषा का भीषण निरादर कहा गया है।

अभिव्यक्ति का प्रयोग निजी लाभ के लिए अनुकूलन बैठाने के हेतु करना मनुष्यता निर्माण की तौहीन है। चरित्रशीलता बिना कोई भी योजना काम नहीं कर सकती है। मनुष्य भटका हुआ देवता है, जो बना ही है अद्भुत काम करने के लिए। स्वयं की दुर्बलता के खिलाफ एक युद्ध सबको लड़ना चाहिए। परमार्थ वह सर्वोच्च स्वार्थ है, जो घाटे का सौदा नहीं होता है। प्रत्येक वस्तु अपनी स्थिति में सर्वोत्कृष्ट है। आत्मविश्वास का प्रकाश रात में भी अंधेरा नहीं होने देता है।

प्रो. रजनी कवरेती ने कहा कि झुकना विवेक के सबसे करीब होता है। अनुराग अनुराग के बगैर किसी और चीज से से पैदा नहीं होता है।

प्रो. जी.एल. विश्वकर्मा ने कहा कि लगन व योग्यता अद्वितीय रचना को जन्म देते हैं। बौद्धिक विचारों को अनुभूतियों की गहरी जड़ों में ले जाकर उनको पचा लेना चाहिए।

प्रो. राजकुमार पहाड़े ने कहा कि काम के श्रेय की चिंता बिना काम करने वाला आश्चर्यजनक परिणाम देता है।

प्रो. सकरलाल बट्टी ने कहा कि संस्कारों की जड़ों में सतत खाद पानी देने से महाप्राण शक्तियों का निर्माण होता है। प्रो. सुरेखा तेलकर ने कहा कि सांसारिक ज्ञान अहंकार एवं आध्यात्मिकता नम्रता लाती है। असल में सुभाषित विचार ही रत्न हैं, बाकी तो सब पत्थर भर हैं।

प्रो. संतोष उसरेठे ने कहा कि डांवाडोल स्थिति में रहना सबसे खतरनाक होता है। धर्म और संस्कृति का विकृत रूप अपराधीकरण की ओर ले जाता है।

प्रोण् रक्षा उपश्याम ने कहा कि हमारी ज्ञान परंपरा में अध्ययन को आनंदित, अलंकृत व अलौकिक बनाने वाला बताया गया है। कुल की प्रतिष्ठा सदाचार से बढ़ती है, न कि हेकड़ी से।

# सेवानिवृत विद्युतकर्मी को दी विदाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व क्षेत्र विधुत मंडल वृत कार्यालय छिंदवाड़ा में कार्यरत राजेश नेमा कल 28 फरवरी को अपने सफलतम 40 वर्षो के सेवा काल के पश्चात विद्युत कंपनी की सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए।

इस अवसर पर आयोजित विदाई एव सम्मान समारोह में अधीक्षण अभियंता खुशयाल शिववंशी ने अपने सम्बोधन में श्री नेमा के कार्यकुशलता एवं समयबद्ध कार्यप्रणाली की सराहना की एव उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाये दी।

इस अवसर पर खुशहाल शिववंशी, शरद बिसेन, मुकेश चौरे, करण पालीवाल, स्वाति परते, मोहित देशमुख, प्रभुनारायण नेमा, आर.के. सोनी, के.एस. राजपूत, संतोष शर्मा, रजनीश स्टीफन, गजेन्द्र चंदेलकर, संतोष सूर्यवंशी, राजेश तिवारी, दिलिप दाढ़े, संजय श्रीवास्तव, गंगाधर मुरमकर, शीतल सोनी, विशेष बहाने, शैलेश उपरीकर, विशाल बटके, शंकर ठाकरे, इत्यादि सभी लोग उपस्थित रहे।



इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता खुशियाल शिववंशी ने सेवा निवृति के दिन ही राजेश नेमा को पी. पी.ओ. प्रदान किया।

श्री नेमा अपने कार्यकाल में सभी जनों के द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए पंजीयन दस मार्च तक

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों की फसल उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का कार्य 20 फरवरी से 10 मार्च तक कर सकते हैं। किसान चना, मसूर एवं सरसों के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए वेबसाइट पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं।

इसके अलावा किसान अपनी फसल का पंजीयन ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों, सहकारी समितियों एवं सहकारी संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र और एमपी किसान एप आदि के माध्यम से पंजीयन निन्शुल्क कर सकते हैं। शासन द्वारा चना के लिए 5650 रुपये, मसूर के लिए 6700 रुपये एवं सरसों के लिए 5950 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया है।

# निरीक्षण के दौरान अवैध भंडारण पर 67 ट्राली रेत जब्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं एस.डी.एम. परासिया पुष्पेंद्र निगम के निर्देशानुसार तथा प्रभारी खनि अधिकारी रविन्द्र परमार के मार्गदर्शन में जिला छिंदवाड़ा की तहसील परासिया के अंतर्गत खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिये राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग परासिया के संयुक्त दल द्वारा गत दिवस तहसील परासिया के अंतर्गत क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान तहसील परासिया के अंतर्गत ग्राम लोहांगी में खनिज रेत का अवैध रूप से लगभग 135 घनमीटर (लगभग 45 ट्राली) तथा ग्राम पलटवाड़ा व तेंदूखेड़ा में खनिज रेत का लगभग 66 घनमीटर (लगभग 22 ट्राली) अवैध भंडारण किया जाना पाया गया।

इन दोनों क्षेत्रों पर रेत का अवैध रूप से भण्डारण किया जाना पाते हुए मालिकाना हक के अभाव में अवैध रेत कुल मात्रा 201 घनमीटर को समक्ष पंच लावारिस जप्त कर रेत को आगामी आदेश मौका मौजूद निविदा एम.डी.ओ. प्रतिनिधि की सुपुर्दगी में सुरक्षार्थ प्रदान किया गया है।

क्षेत्र पर पाए गए खनिज रेत भण्डारण के संबंध में खनि नियमाधीन प्रावधानो के अंतर्गत आगामी कार्यवाही के लिये प्रतिवेदन तैयार कर वास्ते निराकरण वरिष्ठ स्तर पर प्रेषित किया गया।

साथ ही जांच पड़ताल के दौरान ग्राम लोहांगी पेंच नदी क्षेत्र के पास रेत निकासी के लिये वैकल्पिक अस्थाई मार्ग बनाया जाना पाया गया।

इस वैकल्पिक मार्ग को अवैध रेत निकासी पर अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत मौके पर पंचो की उपस्थिति में खुर्द-बुर्द किया गया।

कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार परासिया राम सूर्यवंशी, सहायक खनि अधिकारी महेश नगपुरे, ग्राम कोटवार, एम.डी.ओ. प्रतिनिधि तथा राजस्व, खनिज व पुलिस विभाग का संयुक्त अमला सम्मिलित रहा।

# नगरीय निकाय के रिक्त पार्षद पदों के लिए होगा उपचुनाव



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के अनुक्रम में मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार छिंदवाड़ा जिले में नगरीय निकायों के निर्वाचन के तहत रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले के नगरीय निकाय न्यूटन चिखली के वार्ड नंबर- 4 में पार्षद पद के लिए उपचुनाव होंगे। यह पद अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है।

उपचुनाव के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के अंतर्गत 01 जनवरी 2025 की संदर्भ तिथि को आधार मानकर तैयार की गई। मतदाता सूची के प्रारूप का सार्वजनिक प्रकाशन आज नगरपालिका वार्ड एवं अन्य विहित स्थानों पर कर दिया गया है। इसी कड़ी में पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के लिये जिला स्तर पर गठित जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें डिप्टी कलेक्टर आर.के. मेहरा, इंटरनेशनल एवं नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर प्रो. डॉ. पी.एन. सनेसर, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी वार्ड नंबर- 4 की प्रारूप मतदाता सूची की एक.एक प्रति प्रदाय की गई और मतदाता सूची के पुनरीक्षण में सहयोग का आग्रह किया गया।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री मेहरा ने बताया कि जिले में केवल एक नगरीय निकाय नगर पालिका परिषद न्यूटन चिखली के वार्ड नंबर- 4 में रिक्त पार्षद के पद के लिए आगामी समय में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार उप चुनाव होंगे। आयोग के निर्देशों के अनुसार रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूची के प्रारूप का सार्वजनिक प्रकाशन आज कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरपालिका) जिला छिंदवाड़ा श्री सिंह द्वारा नगर परिषद न्यूटन चिखली में उप चुनाव के लिए तहसीलदार परासिया धर्मेंद्र चौकसे को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और नायब तहसीलदार परासिया राम सूर्यवंशी को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व परासिया को अपील अधिकारी बनाया गया है।

मास्टर ट्रेनर प्रो.डॉ. सनेसर ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद आज 28 फरवरी से ही दावे/आपत्ति प्राप्त करने का कार्य प्रारंभ हो गया है, जो 08 मार्च 2025 को अपराह्न 3 बजे तक चलेगा। 13 मार्च 2025 तक दावा आपत्ति आवेदन पत्रों का निराकरण किया जाएगा। दावे/आपत्ति की चेकलिस्ट के अनुसार त्रुटि सुधार करने के बाद 21 मार्च 2025 को फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नगरपालिका वार्ड एवं अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन किया जाएगा। जिसके आधार पर ही आगामी नगरपालिका उप निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा।

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय एक में दीक्षांत समारोह का आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पी.एम.श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक- 1 छिंदवाड़ा में एक अभिनव प्रयोग के अंतर्गत बाल वाटिका- 3 में अध्यनरत बच्चों के सत्र के समापन के बाद बाल वाटिका शिक्षिकाएं समीना सिरजी और स्वाती वर्मा की पहल पर बाल वाटिका- 3 में पढ़ने वाले नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए आज प्रतीकात्मक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरि प्रसाद धारकर ने विद्यार्थियों को प्रतीकात्मक डिग्री का वितरण किया।

साथ ही विगत दिनों आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रथम आने पर आना सोमकुंवर और अयांश धुर्वे, द्वितीय आने पर पावनी डेहरिया और अथर्व डोले एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर अनाम नाज़ और धीरेन्द्र साहू को प्राचार्य श्री धारकर द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए । इस अवसर पर नन्हें.मुन्ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए प्रयासों के लिए प्राचार्य श्री धारकर ने बाल वाटिका की शिक्षिकाओं समीना और स्वाति की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। दीक्षांत समारोह में प्रभारी प्रधान पाठिका सुरेखा डेविड एवं वरिष्ठ शिक्षक विपिन कुमार झा भी उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### भूमिगत शारदा कोयला खदान परिसर में दुर्गा एवं शारदा की प्रतिमा होगी स्थापित

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** कन्हान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली भूमिगत शारदा कोयला खदान परिसर में नव-निर्मित माता मंदिर में जगत जननी मां दुर्गा एवं मां शारदा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। 2 मार्च 2025 से 6 मार्च 2025 तक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर 2 मार्च रविवार को जल यात्रा एवं मंडप प्रवेश 3 मार्च सोमवार को देवताओं का आवाहन पूजन एवं जलाधिवास 4 मार्च मंगलवार को हवन एवं अन्नाधिवास 5 मार्च बुधवार को सैय्याधिवास एवं प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया जाएगा। 6 मार्च गुरुवार को माता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा और हवन पूजन व पूर्ण आहुति के साथ ही दोपहर 1:00 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में समस्त श्रद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक सख्या में उपस्थित होने का आग्रह आयोजनकर्ता भूमिगत शारदा कोयला खदान के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा किया गया है।

### प्राथमिक शाला बीजाढाना में पदस्थ एक प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा प्राथमिक शाला बीजाढाना के प्राथमिक शिक्षक प्रभुदयाल परतेती को शराब का सेवन कर शाला में उपस्थित होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम ने बताया कि विकासखंड तामिया के ग्राम बीजाढाना के ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर को जनसुनवाई में प्राथमिक शाला बीजाढाना के प्राथमिक शिक्षक श्री परतेती की शिकायत प्रस्तुत कर लेख किया कि प्राथमिक शिक्षक श्री परतेती संस्था में मदिरा का सेवन कर उपस्थित होते है, पालक शिक्षक संघ की बैठक वर्षों से नहीं ली गई है, महिलाओं से अभद्रता करते हैए अध्यापन कार्य सही ढंग से नहीं कराते है। प्राप्त शिकायत की जांच प्राचार्य हाई स्कूल सिधौली से कराई गई, जिसमें शिकायत सही पायी गई। प्राथमिक शाला बीजाढाना के प्राथमिक शिक्षक श्री परतेती का यह कृत्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं उदासीनता को प्रदर्शित करने के साथ ही मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम (एक) (दो) (तीन) के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसीलिये प्राथमिक शिक्षक श्री परतेती को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (2) में दिये गये प्रावधानों के अंतर्गत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में प्राथमिक शिक्षक श्री परतेती का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिछुआ नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार निलंबन भत्ते की पात्रता रहेगी।

### एक उच्च श्रेणी शिक्षक के विरुद्ध निलंबन के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा विकासखंड हर्रई की शासकीय माध्यमिक शाला हड़ाई के उच्च श्रेणी शिक्षक भुवनलाल सनोडिया को सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिनाए आवेदन पत्र को बिना अग्रेषण के सीधे जनसुनवाई में जिला कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत करने पर निलंबन के लिए अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की गई है ।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि विकासखंड हर्रई की शासकीय माध्यमिक शाला हड़ाई संकुल केन्द्र सुरलाखापा के उच्च श्रेणी शिक्षक श्री भुवनलाल सनोडिया के द्वारा जनसुनवाई में जिला कलेक्टर के नाम से पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया कि उनका एक्सीडेन्ट होने के कारण चलने में असमर्थ हैं। चिकित्सीय जांच में 50 प्रतिशत विकलांग घोषित किया गया है। हिप ज्वाईंट के गैप में दर्द होने के कारण शहर में बार.बार चिकित्सक के परामर्श की जरूरत पड़ती है। इस समस्या को देखते हुए कन्या शिक्षा परिसर छिन्दवाड़ा अथवा बालक माध्यमिक शाला छिन्दवाड़ा में स्थानांतरण किये जाने के लिये लिखा गया। शासकीय माध्यमिक शाला हड़ाई संकुल केन्द्र सुरलाखापा के उच्च श्रेणी शिक्षक श्री सनोडिया के द्वारा सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिनाए आवेदन पत्र को बिना अग्रेषण के सीधे जिला कलेक्टर के नाम से आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो कि सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन है। इसीलिये शासकीय माध्यमिक शाला हड़ाई संकुल केन्द्र सुरलाखापा के उच्च श्रेणी शिक्षक श्री सनोडिया के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही निलंबितद्ध के लिए प्रस्तावित की गई है।

### प्राथमिक शाला तेंदनीढाना में पदस्थ एक प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा प्राथमिक शाला तेंदनीढाना के प्राथमिक शिक्षक मदन भारती को बिना सूचना के अनुपस्थित रहने एवं शराब का सेवन कर शाला में उपस्थित होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# बजट सहित करोड़ों के विकास कार्यो को नगर परिषद ने दी स्वीकृति



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद अमरवाड़ा की बैठक सभाकक्ष में अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति परिषद ने दी । संपन्न बैठक में वर्ष 2025. 26 के 57 करोड़ रुपये के बजट की स्वीकृति प्रदान की गई।

स्वीकृत प्रस्तावों में वार्ड 06 में दो करोड़ की लागत से तालाब में फ़्वारा फुट वे घाट निर्माण सौंदर्यीकरण कराने, एसडीआरएफ़ योजना के अंतर्गत नाला निर्माण कराने, नगर में बड़े सभागार की कमी को देखते हुए विशाल आडिटोरियम हाल निर्माण करने एवम् सार्वजनिक इतवारा बुधवारा पशु बाज़ारो की वार्षिक नीलामी करने के प्रस्ताव पारित किए गए।

बैठक में उपाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा, सभापति कल्पना साहू, संजू सूर्यवंशी, नीतू पटेल, आरिफ़ शाह, विनोद साहू इंडिया, राजकुमार बरकड़े, अर्पित श्रीवास्तव, पार्षद सुशीला शर्मा, संतोषी वंशकार, दीपा सूर्यवंशी, सुरक्षा जैन, राजेश अहरवार, सीएमओ रोशन सिंह बाथम, उपयंत्री श्रुति शुक्ला, प्रभारी लेखपाल मनोज ठाकुर, राजस्व प्रभारी जितेंद्र गौर उपस्थित रहे।

## 'बजट पेश के बाद मामला चर्चाओं में'

शुक्रवार को 9 प्रमुख एजेंडों के साथ अमरवाड़ा नगर पालिका का बजट पेश किया गया। इस दौरान सभी पार्षदों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी भी मौजूद रहीं। जब तक अध्यक्ष ने नगर पालिका की कार्रवाई में हिस्सा लिया तब तक कार्यालय में कुछ पुलिस कर्मी तैनात रहे। बजट के बाद यह मामला चर्चाओं में आ गया।

दूसरी तरफ सर्वसम्मति से पानी के टैंकर निशुल्क प्रदान करने पर सहमति बनाई गई। इस दौरान संपत्ति कर बढ़ोतरी और वार्ड क्रमांक 4 में निशुल्क टैंकर प्रदान करने सहित अन्य मुद्दों को लेकर उपाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर और संतोषी दुर्गा वंशकार ने विरोध जताया।

# गोधूली वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री सुशांत हुद्दार की प्रमुख उपस्थिति में गोधूली वृद्धाश्रम छिंदवाड़ा में कल 28 फरवरी 2025, दिन शुक्रवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री हुद्दार ने उपस्थित वृद्धजनों को वरिष्ठ नागरिक तथा माता-पिता के लिए भरण-पोषण कानून की जानकारी दी तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराकर वरिष्ठ नागरिकों के प्रकरण न्यायालयों में प्रस्तुत कराने के निर्देश दिए।



वरिष्ठ नागरिकों को दी गई जानकारी

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को समस्याएं पूछी तथा उनके समाधान के निर्देश वृद्धाश्रम प्रबंधन को दिए। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा भूपेश मिश्रा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी विजय खोबरागड़े उपस्थित थे।

# पीएम विश्वकर्मा योजना से पांढुर्णा व छिंदवाड़ा जिले के लोग लाभांवित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पी.एम. विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा के हजारों बेरोजगार लोगों को ट्रेनिंग एवं लोन के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना में सरकार द्वारा बढ़ई, लोहार, सुनार, कुम्हार, दर्जी, नाई, मोची, मूर्तिकार, खिलौना निर्माता आदि के रोजगार से जुड़े हजारों लोगों को आर्थिक सहायता और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी सांसद बंटी विवेक साहू ने देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 दिसंबर 2023 को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की थी।

## 462 लोगों को चार करोड़ आठ लाख 18 हजार 152 रुपए के ऋण वितरित : सांसद



सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच थी कि हमारे देश में कई पारंपरिक कारीगर आर्थिक रूप से कमजोर है। इन लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए अभी तक कोई योजना नहीं थी। जिसे ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की गई।

सांसद श्री साहू ने कहा कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिन्दवाड़ा के माध्यम से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लोन वितरण के तहत अभी तक कुल 3055 आवेदन विभिन्न बैंकों में लोन हेतु भेजे गये है, जिसमें 665 लोगों के लिए 5 करोड़ 86 लाख 53 हजार 149 की राशि स्वीकृत की जा चुकी है, जिसमें से 462 लोगों को 4 करो? 08 लाख 18 हजार 152 रूपये लोन के रूप में वितरित हो चुके है।

सांसद ने कहा कि हितग्राहियों को लोन वितरण के साथ ही उन्हें तकनीकी और आधुनिक क्षेत्रों में कुशल कार्य करने के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे अपना रोजगार व स्वरोजगार स्थापित कर सफलता अर्जित कर सके। सांसद श्री साहू ने बताया कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उक्त योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। जिसका परिणाम यह रहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त हुए 4991 आवेदनों में से सभी 4991 आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर सभी को इस योजना का लाभ दे दिया गया है। वहीं जिला उद्योग केन्द्र में प्राप्त आवेदनों में से अभी तक 3518 लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा चुका है।

सांसद बंटी विवेक साहू ने 11 लाख के विकास कार्यो की सौगात दी सौसर में

सांसद बंटी विवेक साहू ने सौंसर विकासखण्ड के ग्रामों में 11 लाख के विकास कार्यो की सौगात दी है। उन्होंने अपनी सांसद निधि से बानाबाकोड़ा में 9 लाख रूपये सड़क निर्माण के लिए दिये है वहीं ग्राम लिंगा रंगमंच निर्माण के लिए 2 लाख की राशि स्वीकृत की है।

उक्त दोनों कार्य स्वीकृत होने पर ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग पूरी हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले का लगातार दौरा करते हुए करोड़ों के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर रहे है।

इस दौरान वहां के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता के द्वारा अन्य विकास कार्यो के लिए भी उनके समक्ष मांग रखी जाकर उन्हें पत्र दिए जा रहे है। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू अपनी सांसद निधि देते हुए एवं केन्द्र एवं राज्य सरकार से पत्राचार कर वहां से भी विकास कार्यो के लिए राशि मांग रहे है। केन्द्र एवं राज्य सरकार से भी छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा के विकास कार्यो को प्राथमिकता देते हुए फंड उपलब्ध करा रही है।

# भाजपा सरकार ने मप्र को बना दिया भ्रष्टाचार की राजधानी : कमलनाथ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा की सरकार ने हमारे म.प्र. को कर्ज के गर्त में डुबो दिया। बेरोजगारी, अपराध व भ्रष्टाचार चरम पर है, हर काम का दाम तय है। भाजपा युवाओं का भविष्य नहीं बना पाई तो प्रदेश का भविष्य कैसे बना पाएगी। तस्वीर आप सभी के सामने हैं किस तरह म.प्र. को भ्रष्टाचार की राजधानी बना दिया है। उक्त उदगार कल 28 फरवरी को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने पांढुर्ना जिले की सरगम टॉकीज में आयोजित पांढुर्ना जिला कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

पांढुर्ना जिला कांग्रेस के आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कमलनाथ ने अपने सारगर्भित उदबोधन में आगे कहा कि सरकार के बड़े-बड़े दावे और वादों की पोल जनता के सामने खुलती जा रही है।

प्रतिवर्ष भाजपा एक आयोजन करती है जिसे इन्वेस्टर समिट का नाम देकर जनता को निवेश और रोजगार के सपने दिखाए जाते हैं, किन्तु वे पूरे नहीं होते। मैंने कभी घोषणा या फिर वादे नहीं किए केवल निष्ठा पूर्वक कार्य किया जिसके परिणाम आप सभी के सामने हैं। देश व प्रदेश में छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना इकलौता ऐसा जिला है जहां सर्वाधिक स्किल सेन्टर, सर्वाधिक केन्दीय विद्यालय लेकर स्कूल व कॉलेज है। जिले में सर्वाधिक प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण कर गांवों को शहर से जोड़ा गया ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार व व्यापार को बढ़ावा मिले।

यहां उपस्थित बुजुर्ग इस बात के गवाह है कि पांढुर्ना रेलवे स्टेशन पर चुनिंदा ट्रेनों का स्टॉपेज हुआ करता था। संतरे व कपास की प्रोसेसिंग की एक भी यूनिट नहीं थी। किन्तु पांढुर्ना की जागरूक जनता के सहयोग से हम धीर-धीरे आगे बढ़े और आज यहां का संतरा देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक पहुंच रहा है। मैंने छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले के विकास के लिए अपनी जवानी समर्पित कर दी, आज मैं इस मंच से पुन: कहता हूं कि मैं अपना जीवन भी समर्पित करता हूं।

## पांढुर्ना को केवल जिले का नाम दिया- पूर्व सांसद नकुलनाथ



आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए नकुलनाथ ने कहा कि डबल इंजिन वाली सरकार ने पांढुर्ना को जिला बनाएं एक वर्ष से अधिक हो चुका है, किन्तु आज भी यहां के लोगों को अनेकों कार्यों के लिए छिन्दवाड़ा की दौड़ लगानी पड़ती है। भाजपा ने पांढुर्ना को केवल जिले का नाम दिया है काम कुछ भी नहीं किया।

कलेक्टर और एस.पी. नियुक्त करने से आम लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं होता। नकुलनाथ ने अपने उदबोधन में आगे कहा कि भोपाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर का निवेश समारोह आयोजित हुआ किन्तु निवेश म.प्र. के केवल नौ जिलों में आ रहा है, भाजपा ने जब पांढुर्ना को जिला बनाया तो फिर निवेश क्यों नहीं लाया। नकुलनाथ ने अपने उदबोधन में आगे कहा कि यहां उपस्थित माताएं, बहनें इस बात की गवाह है कि भाजपा ने चुनाव से ठीक पहले 3 हजार रुपए देने की घोषणा की थी। तीन हजार रुपए देने की बात तो दूर भाजपा लगातार बहनों के नाम काटकर उन्हें योजना से वंचित कर रही। भाजपा की अन्य योजनाओं की स्थिति भी लगभग ऐसी है। पांढुर्ना जिला कांग्रेस संगठन को लेकर श्री नाथ ने कहा कि पांढुर्ना में दमदार व नई पीढ़ी की कांग्रेस की टीम तैयार होगी।